आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 20.08.2025 समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- भराड़ीसैंण में राज्य विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन भी आज सदन में विपक्षी सदस्यों का हंगामा।
- वन अनुसंधान संस्थान में केन्द्रीय राज्य वन सेवा अकादमी, देहरादून के दीक्षांत समारोह में 43 प्रशिक्षु अधिकारियों ने प्रशिक्षण पूरा किया।
- देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने जिला अस्पताल कोरोनेशन और गांधी शताब्दी अस्पताल का निरीक्षण किया।
- प्रदेश के विभिन्न जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट।

**विधानसभा सत्र**

भराड़ीसैंण में राज्य विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन भी आज सदन में विपक्षी सदस्यों ने शोर–शराबा किया। कांग्रेस सदस्य पंचायत चुनाव में कानून व्यवस्था पर नियम 310 के तहत चर्चा की मांग कर रहे हैं। वहीं विपक्षी सदस्य, अपनी मांग को लेकर कल रात सदन के भीतर ही धरने पर रहे। संसदीय कार्य मंत्री सुबोध उनियाल का कहना है कि जिस विषय पर विपक्ष चर्चा करना चाहता है वह मामला उत्तराखंड उच्च न्यायालय में विचाराधीन है।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सुबह भराड़ीसैंण भ्रमण के दौरान विधानसभा सत्र के दृष्टिगत तैनात सुरक्षाकर्मियों से भेंट की। मुख्यमंत्री ने सुरक्षाकर्मियों से उनके आवास, भोजन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी कर्तव्य निर्वहन कर रहे पुलिस बल का अदम्य साहस एवं प्रतिबद्धता हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि धराली जैसे आपदा–प्रभावित और दुर्गम क्षेत्रों में भी हमारे पुलिसकर्मियों की ओर से प्रदर्शित अनुकरणीय कार्यक्षमता और सेवाभावना अत्यंत सराहनीय रही है, जिसने संपूर्ण बल की कार्यदक्षता को नई पहचान दी है।

## दीक्षांत समारोह

वन अनुसंधान संस्थान में केन्द्रीय राज्य वन सेवा अकादमी, देहरादून के दीक्षांत समारोह में 43 प्रशिक्षु अधिकारियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा किया। इस बैच में 20 महिला अधिकारियों ने भी प्रशिक्षण पूरा कर उपलब्धि हासिल की। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस के महानिदेशक, एस.पी. यादव ने कहा कि वनों का संरक्षण जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रधानाचार्य ई. विक्रम ने कहा कि वन अधिकारी समाज के लिए आदर्श और प्रेरणा बनें, यही प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य है। इस दौरान राजस्थान केडर के प्रशिक्षु अधिकारी रवि कुमार ने गोल्ड मैडल के साथ ही विभिन्न विषयों में सबसे ज्यादा पुरुस्कार जीते।

इस अवसर पर अकादमी द्वारा पाँच पुस्तकों का विमोचन भी किया गया।

## जिलाधिकारी निरीक्षण

देहरादून के जिला अस्पताल कोरोनेशन और गांधी शताब्दी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुधार को लेकर जिलाधिकारी सविन बंसल ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य आम जनजीवन की सबसे महत्वपूर्ण सेवा है और इस पर सरकार तथा मुख्यमंत्री का विशेष फोकस रहता है। इसी क्रम में बच्चों के लिए हाल ही में शुरू किया गया आईसीयू अब सुचारू रूप से कार्य कर रहा है। वहां पहले 6 बेड थे, जिन्हें बढ़ाकर दोगुना किया जाएगा। इसके साथ ही अतिरिक्त मैनपावर और आधुनिक उपकरण भी उपलब्ध कराए जाएंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि माताओं के लिए बने वाड्र्स को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। इसके अलावा अब डीडीआरसी को भी व्यवस्थित और आधुनिक रूप दिया जा रहा है, ताकि दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र, पेंशन, आधार कार्ड और अन्य सुविधाओं के लिए एक समर्पित स्थान मिल सके।

## मौसम

राजधानी देहरादून सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज बारिश से थोड़ी राहत मिली है। हालांकि मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में फिर से बारिश की संभावना जताई है और इसे देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के कई इलाकों में मध्यम से तेज, और कुछ स्थानों पर मूसलाधार बारिश हो सकती है। उधर, बारिश और भूस्खलन के चलते प्रदेश में करीब 150 सड़कें यातायात के लिए बाधित हैं, जिनमें कुछ राष्ट्रीय राजमार्ग और अनेक ग्रामीण संपर्क मार्ग शामिल हैं। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग नालूपानी, धरासू, मातली, नेताला, डबरानी, सोनगाड, हर्षिल और धराली में अवरुद्ध है। वहीं, यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग कल्याणी और जंगलचट्टी के पास बंद पड़ा है। सभी अवरुद्ध मार्गों को बहाल करने के लिए मशीनरी युद्धस्तर पर काम कर रही है।

## मुख्यमंत्री निर्देश

अंबाला में उत्तराखंड के युवक साहिल बिष्ट की हत्या की घटना पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से दूरभाष पर वार्ता की। उन्होंने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और कठोरतम दंड सुनिश्चित किए जाने का अनुरोध किया। श्री सैनी ने आश्वस्त किया कि अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और पुलिस को शीघ्र कार्रवाई करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार इस पूरे मामले में हर संभव कदम उठाएगी। श्री धामी ने पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तराखंड सरकार न्याय की इस लड़ाई में उनके साथ है और परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## भारतीय मानक ब्यूरो

भारतीय मानक ब्यूरो– बीआईएस, देहरादून की ओर से रुद्रप्रयाग में हॉलमार्किंग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वर्ण, रजत आभूषणों की शुद्धता व गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उपभोक्ताओं और स्वर्णकार व्यवसायियों को जागरूक करना था। इस अवसर पर रुद्रप्रयाग जिला पंचायत की अध्यक्ष पूनम कठैत ने उपभोक्ता हितों की सुरक्षा और विश्वास बनाए रखने में हॉलमार्किंग की महत्ता पर प्रकाश डाला। बीआईएस के निदेशक व प्रमुख सौरभ तिवारी ने चाँदी आभूषणों पर एच.यू.आई.डी आधारित हॉलमार्किंग और सोने में 9 कैरेट को शामिल करने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हॉलमार्किंग से उपभोक्ताओं में विश्वास बढ़ेगा और व्यापार में पारदर्शिता आएगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वर्णकारों, व्यापारियों और अन्य हितधारकों ने भाग लिया और बीआईएस के प्रयासों की सराहना की।

## उन्नत डाक तकनीक

आज से देशभर में उन्नत डाक तकनीक का दूसरा चरण शुरु हो रहा है। इसे डिजिटल इंडिया की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इस स्वदेशी तकनीक का विकास डाक प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केंद्र ने किया है। यह तकनीक मेघराज टू प्वाइंट ज़ीरो क्लाउड पर काम करती है। इस तकनीक से अब लोगों को क्यूआर कोड से भुगतान करने, ओटीपी से डिलीवरी लेने और सटीकता बढ़ाने के लिए दस अंकों वाले डिजिपिन का उपयोग करने की सुविधा मिलेगी।